Ans. (a) : सही सुमेलित है-

1. बादला	(i) जोधपुर
2. नमदा	(ii) टोंक
3. पाव रजाई	(iii) जयपुर
4. खेसला	(iv) लेटा

15. अडानी हाइब्रिड एनर्जी की सहायक कंपनी ने किस स्थान पर भारत का पहला पवन-सौर हाइब्रिड पावर प्लांट स्थापित किया?

(a) रायपुर (b) हैदराबाद
(c) दिल्ली (d) जैसलमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : अडानी हाइब्रिड एनर्जी की सहायक कंपनी AHEJOL द्वारा राज्यपाल के जैसलमेर में भारत के पहले पवन-सौर हाइब्रिड पावर प्लांट की स्थापना की गई है।

16. सुमेलित कीजिये -

A.	**अजरख प्रिंट**	**1.**	**कैथून**
B.	**पावरलूम कपड़ों पर छपाई**	**2.**	**जोधपुर**
C.	**मोठड़ा**	**3.**	**बालोतरा**
D.	**मसूरिया**	**4**	**बाड़मेर**

सही विकल्प चुनें -

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	2	3	4	1
(c)	4	3	4	1
(d)	3	4	1	2

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है -

अजरख प्रिंट	-	बाड़मेर
पावरलूम कपड़ों पर छपाई	-	बालोस्तरा
मोठड़ा	-	जोधपुर
मसूरिया	-	कैथून

17. निम्नलिखित में से कौन-सा (राजनीतिक कार्यकर्ता - संबंधित देशी राज्य) सुमेलित नहीं है?

(a) कृष्णदत्त पालीवाल - धौलपुर
(b) हरिमोहन माथुर - करौली
(c) मथुरा दास माथुर - मारवाड़
(d) गोपीलाल यादव - भरतपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : सही सुमेलित है।

राजनीतिक कार्यकर्त्ता	**-**	**देशी राज्य**
कृष्णदत्त पालीवाल	-	धौलपुर
त्रिलोक चंद माथुर	-	करौली
मथुरा दास माथुर	-	मारवाड़
गोपीलाल यादव	-	भरतपुर

18. अरावली वनीकरण परियोजना के अन्तर्गत निम्न में से कौन सा जिला नहीं आता है?

(a) सीकर (b) पाली
(c) नागौर (d) अजमेर

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (d) : अरावली वनीकरण परियोजना के अन्तर्गत ''अजमेर'' जिला शामिल नहीं है। अरावली वनीकरण परियोजना 1992-93 में शुरू किया गया था। इस परियोजना में राजस्थान के 10 जिलों- अलवर, सीकर, झुंझुनू, नागौर, जयपुर (दौसा), उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, पाली, सिरोही को शामिल किया गया है।

19. निम्नलिखित में से कौन सा औषधि पौधा राजस्थान घर-घर औषधि योजना में शामिल नहीं है?

(a) अश्वगंधा (b) मूसली
(c) गिलोय (d) कालमेघ

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (b) : राजस्थान के घर-घर औषधि योजना में ''मूसली'' का पौधा शामिल नहीं है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा ''निरोगी राजस्थान अभियान'' के तहत 01 अगस्त 2021 को ''घर-घर औषधी योजना'' का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा प्रत्येक परिवार को औषधीय गुण वाले पौधें-तुलसी, गिलोय, कालमेघ और अश्वगंधा के आठ पौधों की किट उपलब्ध करवाई जाएगी।

20. मुकाम प्रसिद्ध हैः

(a) जैनियों के लिए (b) विश्नोइयों के लिए
(c) मुसलमानों के लिए (d) जसनाथियों के लिए

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : मुकाम विश्नोई समुदाय हेतु प्रसिद्ध है। मुकाम (बीकानेर) एक गांव है जहां विश्नोई समुदाय के मुक्ति धाम मंदिर का पवित्र स्थल है। विश्नोई संप्रदाय की स्थापना गुरू जंबेश्वर ने की थी। जिन्हें जंभोजी के नाम से भी जाना जाता है।

21. निम्न में से राजस्थान का कौन-सा शहर सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक है?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) चित्तौड़गढ़ (d) नागौर

उत्तर — (c)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — राजस्थान राज्य में सर्वाधिक सीमेंट का उत्पादन तथा कारखाने चित्तौगढ़ में है तथा अन्य कारखाने सिरोही, जैसलमेर, नागौर, झुंझनू आदि है। ध्यातव्य है कि भारत में सर्वप्रथम सीमेंट का कारखाना 1904 में चेन्नई (मद्रास) में स्थापित किया गया था।

22. राजस्थान में विद्यालय एवं अध्यापक शिक्षा के योजना निर्माण, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के लिए सर्वोच्च शैक्षिक संगठन (Academic Organization) है–